

आज



ईशान किशन
ने तोड़ा सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड

गौरवशाली परंपरा का 209 वर्ष

ऐश्वर्या राय
तीन दशक से सिनेमा की दुनिया में काबिज

पटना, सोमवार, २ नवम्बर, २०२६ सौर १४ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

सदाकत आश्रम पहुंची दिल्ली पुलिस, एक्स हैंडल की हुई जांच

स्पेशल सेल ने जारी किया नोटिस

पटना (निप्र)। बिहार कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में रविवार को दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची। यहां पुलिस ने करीब एक घंटे तक छानबीन की। इस दौरान बिहार कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर (एक्स) हैंडल को संचालित करने वाले व्यक्ति और उससे जुड़े मोबाइल नंबर के बारे में जानकारी जुटाई गई।दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में अमित कुमार मंडल को नोटिस जारी किया है। उन्हें 5 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे दिल्ली स्थित स्पेशल सेल के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, अमित कुमार मंडल के नाम पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर 9939979005 का संबंध बिहार कांग्रेस के ट्विटर हैंडल ऐट एनआईसी बिहार से सामने आया है। इसी सिलसिले में पुलिस ने उनसे कई जानकारियां मांगी हैं।नोटिस में संबंधित सिम कार्ड उपलब्ध कराने के साथ ही 1 जुलाई 2025 से अब तक उस नंबर का इस्तेमाल जिन-जिन मोबाइल फोन में किया गया है, उनकी जानकारी देने को कहा गया है। इसके अलावा पुलिस ने पूछा है कि ऐटएनआईसीबिहार ट्विटर हैंडल का आधिकारिक रूप से इस्तेमाल कौन करता है। साथ ही 1 जुलाई 2025 से



(शेष पृष्ठ ९ पर)

टैक्स देने वाले छोड़ें मुफ्त बिजली का लाभ

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सम्राट

पटना (आससे)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आर्थिक रूप से संपन्न और आयकर दाताओं से रविवार को बड़ी अपील की है। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि वे स्वेच्छा से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ दें। राज्य के विकास में योगदान दें। सीएम सम्राट चौधरी ने राजधानी पटना में दो दिवसीय पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद-2.0 को संबोधित करते हुए ये बात कही। इस दौरान सीएम ने कहा कि राज्य सरकार बिजली सब्सिडी पर सालाना लगभग 23,000 करोड़ रुपये खर्च कर रही है, जिसमें प्रति परिवार 8,000 से 10,000 रुपये का खर्च आता है। चौधरी ने कहा कि सरकार सभी आर्थिक श्रेणियों के उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दे रही है। उन्होंने आर्थिक रूप से संपन्न और आयकर देने वाले लोगों से अपील की कि वे स्वेच्छा से मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ दें और बिहार के विकास



(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में खुला पहला तरकारी आउटलेट

पटना (आससे)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना जू के गेट नंबर-2 के समीप तरकारी आउटलेट का उद्घाटन किया। बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फेडरेशन लिमिटेड (वेजफेड) द्वारा संचालित यह अपनी तरह का पहला आउटलेट है। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की आय दोगुनी करने, उपभोक्ताओं को शुद्ध, ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा सब्जी उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। वेजफेड द्वारा संचालित तरकारी आउटलेट इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार मिलेगा और उपभोक्ताओं को भी उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उपलब्ध होंगी। सहकारिता विभाग के मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि इन आउटलेट के माध्यम से सब्जी उत्पादक किसानों एवं सब्जी उत्पादक समूहों से सीधे सब्जियों की खरीद की जाएगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। उपभोक्ताओं को ताजी एवं गुणवत्तापूर्ण सब्जियां उचित दर पर उपलब्ध होंगी। साथ ही, सब्जी उत्पादकों को बाजार और रोजगार के अवसरों का सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने बताया कि योजना

अब उचित कीमत पर मिलेंगी ताजा सब्जियां

(शेष पृष्ठ ९ पर)

भागलपुर में नितिन नवीन आज निकालेंगे पदयात्रा

भागलपुर(आससे)। सिल्क सिटी भागलपुर में कल यानी 2 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नितिन



नवीन भागलपुर के लाजपत पार्क मैदान से लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। इस पदयात्रा में उनके साथ बिहार सरकार के कई मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार यह पदयात्रा लगभग एक किलोमीटर तक होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। बीजेपी की ओर से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और सड़कों पर बड़े-बड़े होर्डिंग और बैनर लगाए जा रहे हैं।

रामलीला मैदान में विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाना पहला कदम : राहुल गांधी

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाहक ने एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया। रैली में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद समेत विपक्षी दलों के प्रमुख नेता एक मंच पर जुटे और केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में कई वर्षों से चुनावों में वोट चोरी हो रही है और इसी के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना पहला कदम है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों के चुनावों तथा २०२४ के लोकसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी, मतदाता सूची से नाम हटाने और नए नाम जोड़ने के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। राहुल ने दावा किया कि २०२४ के लोकसभा चुनाव के बाद १३ करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह केवल वोट की चोरी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की आवाज छीनने जैसा है। राहुल के मुताबिक, ज्ञानेश



(शेष पृष्ठ ९ पर)

देश में अराजकता फैलाने की साजिश : नड्डा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और

(शेष पृष्ठ ९ पर)

काशी की धरती पर जदयू का शंखनाद

कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और सहयोग से निशांत को राष्ट्रीय राजनीति में मिलेगी ताकत : श्रवण


पटना (आससे)। यूपी जनता दल यू के वाराणसी के रोहिनिया क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह यूपी जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार और वर्ष २०२७ के विधानसभा चुनाव में जुटने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। श्री कुमार ने कहा कि जिस तरह पार्टी नेता सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास और सुशासन की नयी पहचान बनी है, उसी तरह उत्तर प्रदेश में भी जदयू को मजबूत करना है। उन्होंने निशांत कुमार को युवाओं की आशा बताते हुए उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताटों से उन्हें स्नेह और आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने बिहार में हर घर नल का जल, बिजली, बालिकाओं के लिए साइकिल योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और महिला सशक्तीकरण जैसे कार्यों को नीतीश की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया।



स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि जदयू महात्मा गांधी, बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर, कर्पूरी ठाकुर, डा.लोहिया, लोक नायक जय प्रकाश नारायण के विचारों वाली पार्टी है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अर्नब के बाद मुरासु तूफान का खौफ



नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के दक्षिण और पूर्वी राज्यों में अरनब तूफान के बाद अब मुरासु तूफान का कहर बढ़ता नजर आ रहा है. बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव रविवार (1 नवंबर) को और ज्यादा तेज होकर चक्रवाती तूफान मुरासु में बदल गया है. इस तूफान को लेकर अधिकारियों ने कहा कि ओडिशा सरकार ने राज्य के दक्षिणी हिस्से में तूफान से बचाव और राहत सें जुड़ी तैयारियां तेज कर दी हैं. वहीं, इस तूफान के आंध्र प्रदेश के तट

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें
website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

डालमियानगर में कार से 66.50 लाख बरामद, दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

डालमियानगर (रोहतास) (आससे)। एनएच-19 पर शिवसागर टोल प्लाजा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 66 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। वाराणसी से कोलकाता जा रही काले रंग की एक्सयूवी-300 कार से मिली इस नकदी के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार और दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। बरामद रकम के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी गई है।


प्रेस वार्ता में डीएसपी-1 विप्लव कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वाराणसी की ओर से आ रही एक कार में भारी मात्रा में नकदी रखी गई है, जिसे लेकर कोलकाता जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए दंडाधिकारी की मौजूदगी में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने एनएच-19 स्थित शिवसागर टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान रात करीब 9:05 बजे संदिग्ध एक्सयूवी-300 कार पहुंची। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने वाहन घुमाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। दंडाधिकारी के समक्ष कार और उसमें सवार लोगों की तलाशी ली गई। कार में चालक के साथ दो महिलाएं भी मौजूद थीं।

पूछताछ में उनकी पहचान सासाराम नगर थाना क्षेत्र के नवरत्न बाजार निवासी चंदन कुमार (32), ज्योति कुमारी (30) और पूनम

(शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रधानमंत्री बनना है तो मॉक संसद में पूरी जिंदगी बने रहिये

नयी दिल्ली (एजेंसी)। मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मॉक संसद चलाने के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा तंज कसा है। शाह ने कहा है कि राहुल गांधी को अगर प्रधानमंत्री बनना है तो पूरा जीवन मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहें। असली में तो उनका नंबर कभी नहीं आना है। अमित शाह ने कहा, 15 साल से एक प्रकार के तीन चुनाव से वे हार रहे हैं। सोनिया जी का सपना उनके लाल प्रधानमंत्री बने पूरा नहीं होता है। अब उन्होंने नया तरीका ढूंढा है मॉक संसद करने का। ठीक भी है भाई, मैं राहुल जी को कहना चाहता हूं आपको प्रधानमंत्री बनना है तो पूरा जीवन मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहिए। आपका नंबर कभी नहीं लगना है। चंडीगढ़ प्रशासन की 258 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर तीखे हमले



(शेष पृष्ठ ९ पर)



महादेव ऐप केस में बड़ी कामयाबी

किंगपिन सौरभ चंद्राकर को ओमान से भारत लाया गया

मुंबई (एजेंसी)। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई)ने दूसरी सेंट्रल एजेंसियों के साथ मिलकर महादेव ऐप के गैर-कानूनी बेटिंग सिंडिकेट के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को ओमान सल्तनत से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण कर भारत ले आई है। ओमान में भेजी गई सीबीआई की एक टीम उसे वापस भारत ले कर पहुंची है। अब उसे रायपुर में सीबीआई स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। वह सीबीआई के 2 केस में वॉन्टेड है, जिनमें चार्जशीट पहले ही फाइल हो चुकी हैं और एक ईडी केस में प्रॉसिक्यूशन कंप्लायंट फाइल किया गया है।



सीबीआई के मुताबिक, भारत सरकार की विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से सौरभ चंद्राकर का प्रत्यर्पण संभव हो पाया है। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इसके आधार पर रॉयल ओमान पुलिस ने

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सरकारी अधिकारी बनकर 2 किलो सोने की ठगी

गयाजी। सरकारी अधिकारीका रौब, कार्रवाईका डर और फिर करोड़ों के सोने पर हाथ साफ। बिहार में ठगी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों के नए-नए हथकंडों पर सवाल खड़ेकर दिए हैं। शातिर ठगों ने

बरेली से तीन शातिर गिरफ्तार, दो फरार

खुद को सरकारी पदाधिकारी बताकर ट्रेनसे सफर कर रहे एक यात्री के कर्मचारीको अपने जाल में फंसाया और करीब दो किलोग्राम सोना ठग लिया। आरोपियोंने इस तरह सरकारी अधिकारी होने का दबाव बनाया कि कर्मचारी डर गया और उनके झांसेमें आकर सोना उनके हवाले कर दिया। हालांकि, इस मामले में रेल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के बरेली से तीन आरोपियों को गिरऊतार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पाससे ठगी किए गए सोने में से 612 ग्राम सोना बरामद



किया गया है। इसका खुलासा गया रेलवे जंक्शन पर रविवार को रेल डीएसपी गुलशन कुमार ने प्रेस वार्ता कर की है। इस कार्रवाईके बाद रेल पुलिस अब ठगी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती शेष सोने की बरामदगी और इस वारदात में शामिल अन्य अपराधियों तक पहुंचना है। पूरा मामला रेल थाना भभुआ रोड क्षेत्र का है। उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी संजय कुमार खंडेलवालके कर्मचारी संजीव चौहान, उम्र 24 वर्ष कोलकाता से ट्रेनके माध्यम से भभुआ रोड लौट रहे थे। इसी दौरान 22 अक्टूबर को भभुआ रोडमें कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें अपना निशाना बना लिया. बताया जाता है कि आरोपियोंने कर्मचारी के सामने खुद को सरकारी पदाधिकारी के रूप में पेश किया। इसके बाद सरक.

(शेष पृष्ठ ९ पर)